**Fourteenth Loksabha**

**Session : 8**
**Date : 14-08-2006**

**Participants : Kumar Shri Shailendra**

an>

Title : Need to include Kaushambi in Uttar Pradesh in the Tourism Map of India for its all-round development.

**श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल)** : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में ऐतिहासिक तथा धार्मिक दृटिकोण से कौशाम्बी एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है, जो गंगा तथा यमुना नदियां के बीच में बसा है। राम गमन पथ, बौध स्थल, जैन ऋयियों का वास, राजा उदयन की राजधानी, कड़ा मुगलों के साम्राज्य की कहानी बताता है। मां शीतला धाम मंदिर, कुरई व संदीपन घाट एक ऐतिहासिक स्थल में है। उक्त स्थान पर चार हजार एकड़ पर बहुत बड़ी झील है, जो अलवारा झील के नाम से जानी जाती है।

महोदय, खेद है कि बार-बार लिखने व संसद में कहने के बावजूद उक्त स्थानों को पर्यटन सर्किटों में शामिल नहीं किया गया है। मैं केन्द्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय से मांग करता हूं कि कौशाम्बी जनपद को देश के पर्यटन मानचित्र में शामिल कर उक्त क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास करें।